अक्टूबर में शुरू हो जाएगा मेट्रो-3 लाइन का निर्माण

Neeraj.Tiwari@
Timesgroup.com

- मेट्रो-3 के स्टेशनों के निर्माण के ठेके निश्चित
- सात हिस्सों में बांटे गए 18,000 करोड़ के ठेके

■ मुंबई : मुंबई मेट्रो -3 के निर्माण कार्य के स्टेशनों के 'सिविल वर्क' निर्माण के लिए 18,114 करोड़ के ठेके मंगलवार को निश्चित किए गए। मेट्रो-3 के तहत कोलाबा- बांद्रा - सीप्ज के बीच 32.5 किलोमीटर अंडरग्राउंड रेल नेटवर्क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। निर्माण कार्य मानसून के बाद अक्टूबर में शुरू होना है।

रेसकोर्स पर विवादः महालक्ष्मी रेसकोर्स से लगे 'साइंस सेंटर' स्टेशन के भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद बना हुआ था। महाराष्ट्र सरकार ने 221 एकड़ में फैले रेसकोर्स की तीन एकड़ जमीन मेट्रो के निर्माण के लिए देने की मंजूरी दे दी है। इसमें से करीब आधा एकड़ जमीन मेट्रो-3 परियोजना में स्थायी तौर पर लग जाएगी। बाकी जमीन एमएमआरसीएल ने निर्माण के बाद रेसकोर्स को लौटाने का वादा किया है। यह पेचीदगी हल होने के बाद मेट्रो-3 के निर्माण का रास्ता खुला और मंगलवार को ठेकों का एलॉटमेंट कर दिया गया। वैसे, पूरी मेट्रो लाइन के निर्माण में 42.02 हेक्टेर जमीन अस्थायी तौर पर और 62 हेक्टेर जमीन स्थायी तौर पर मेट्रो लाइन के लिए अधिग्रहित की जा रही है।

बिजनेस सेंटरों को जोड़ेगीः इस मेट्रो लाइन के तैयार हो जाने पर मुंबई शहर का दक्षिणी छोर मेट्रो लाइन से उत्तर में एअरपोर्ट से सटे सीप्ज इलाके से जुड़ेगा। खास बात यह कि मुंबई के छह बिजनेस डिस्ट्रिक्ट पहली बार एक सूत्र में जुड़ेंगे। कफ परेड, नरीमन पॉइंट, फोर्ट, लोअर परेल बीकेसी और सीप्ज जैसे प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों को यह मेट्रो-लाइन संपर्क की कड़ी से जोड़ेगी। इन सभी जगहों से डोमेस्टिक और इंटरनैशनल एअरपोर्ट तक सीधे पहुंचा जा सकेगा। खास बात यह कि कालबादेवी, वर्ली, प्रभादेवी और अंधेरी-पूर्व जैसे रेल संपर्क से वंचित इलाकों को पहली बार यात्रा का नया विकल्प मिलेगा।

14 लाख यात्रीः यह उम्मीद का जा रही है कि 2021 में जब मेट्रो-3 शूरू होगा, इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 14 लाख होगी। दस साल बाद 2031 में यही संख्या बढ़कर 17 लाख होने की उम्मीद है।

मेट्रो-3 की विशेषताएं

- कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज 2021 तक होना है तैयार
- मुंबई के उत्तर और दक्षिण छोर को जोड़ेगा
- 33.50 किलोमीटर अंडरग्राउंड टनल
- कुल 27 स्टेशन- (इनमें 26 अंडरग्राउंड, एक सतह पर)
- कफ परेड, नरीमन पॉइंट, फोर्ट, लोअर परेल बीकेसी और सीप्ज जैसे बिजनेस डिस्ट्रिक्ट्स जुड़ेंगे
- कुल 62 एकड़ अस्थायी भूमि अधिग्रहण
- (इसमें 43.02 एकड़ स्थायी रूप से अधिग्रहित)

इनको मिले ठेके

- लार्सन एंड टूब्रो- 2988.53 करोड़ रुपये
  कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट और हुतात्मा चौक स्टेशन
- हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लि.- 2521.89 करोड़ रुपये
  सीएसटी मेट्रो ,कालबादेवी, गिरगांव , ग्रांट रोड स्टेशन निर्माण
- डोगोस -सोमा- 2,557.84 करोड़ रुपये
  मुंबई सेंट्रल, महालक्ष्मी मेट्रो, साईंस म्यूजियम, आरे चौक और वर्ली स्टेशन
- सीईसी-आईटीडी- 2830.10 करोड़ रुपये
  सिद्धिविनायक, दादर मेट्रो, शीतलादेवी स्टेशन
- जे.कुमार- सीआरटीजी- 2817.02 करोड़ रुपये
  धारावी, बीकेसी-मेट्रो, विद्यानगरी, सांताक्रूज स्टेशन
- जे कुमार -सीआरटीजी- 2,118.40 करोड़ रुपये
  सीएसआईए, सहार रोड, सीएसए इंटरनेशनल स्टेशन
- लार्सन एंड टूब्रो 2281.45 करोड़ रुपये
  मरोल नाका, एसआईडीसी, सीप्ज स्टेशन